सेक्रेड हार्ट स्कूल कोटा ने जीता टीसीएस आईटी विज़ 2017 का इंदौर एडिशन

इंदौर।

आई टी सर्विसेस, कंसल्टेंसी तथा बिजनेस सॉल्यूशन के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा आयोजित भारत का सबसे बड़ा इंटर-स्कूल क्विज %टीसीएस आईटी विज़% इंदौर के विभिन्न स्कूलों से आये प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रदर्शन का साक्षी बना ढ्ढ मंगलवार, 29 अगस्त को इंदौर के खंडवा रोड स्थित, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) कैम्पस में आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज़ में विभिन्न स्कूलों के करीब 1350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित क्विज़ में भाग लेने के लिए भोपाल, कोटा, वाराणसी के स्कूलों से भी कई विद्यार्थी इंदौर आये।

टीसीएस आईटी विज़ कक्षा 8-12 में पढ़ने वाले सभी हाई स्कूल विद्यार्थियों के लिए खुला था ढ्ढ प्रत्येक संस्थान इसके लिए अपनी ओर से 2 सदस्यों वाली अधिकतम 8 टीमें भेज सकता था ढ्ढ इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं था।



सेक्रेड हार्ट स्कूल, कोटा के अनिमेष हर्ष और श्रेष्ठ पॉल विजेता रहे तथा सेंट पॉल, इंदौर के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहे

क्विज़ के अंतर्गत इस वर्ष चार मुख्य क्षेत्रों को केंद्र में रखा गया था, जिनमें ऑटोमेटेशन, कॉन्टेक्स्चयुअल नॉलेज, मशीन तथा कुशलता परीक्षण शामिल थे ढ्ढ इसके साथ ही टीसीएस पर आधारित एक एक्सक्लूसिव राउंड भी क्विज़ में शामिल था।

रीजनल फाइनल्स में क्विज के पांच राउंड्स पूरे करने के बाद सेक्रेड हार्ट स्कूल, कोटा के अनिमेष हर्ष और श्रेष्ठ पॉल विजेता रहे तथा सेंट पॉल, इंदौर के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहेढ्ढ इस वर्ष रीजनल स्तर के चैम्पियंस को 60,000 रूपये मूल्य के गिफ्ट वाउचर जबकि रनर्स-अप का ख़िताब पाने वाले स्कूल को 40,000 रूपये मूल्य के गिफ्ट वाउचर पुरस्कार स्वरुप दिए गए. साथ ही विजेताओं को विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफीज और मैडल्स भी प्रदान किये गए. क्विज के छहों फाइनलिस्ट को भी टीसीएस की ओर से विभिन्न पुरस्कार दिए गए

कार्यक्रम के अतिथि, टीसीएस के वाइस प्रेजिडेंट तथा ग्लोबल हेड- कॉग्निटिव बिज़नेस ऑपरेशंस, श्री अशोक पाई ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। क्विज का संचालन प्रख्यात क्विज मास्टर गिरी पिक्ब्रेन बाला सुब्रह्मण्यम ने किया।